<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 27 अगस्त 2024</u>

(1) <u>माननीय राज्यपाल ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद किया।</u>

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि देश की आज़ादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास हेतु भेजे गये राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री जी लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुँचा रहे हैं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के बीच यह

जानने आया हूँ कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूँ ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि किसानों के हित में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' संचालित है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई परिवार तो नहीं है जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे तथा लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता हेतु पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इस हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्यपाल महोदय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है।

विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उनलोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल महोदय के समक्ष श्रीमती मुनि देवी (प्रमुख, कूडु, लोहरदगा), श्री एनुल अंसारी (उप प्रमुख, कूडु, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया श्री राजेश लोहरा, श्रीमती मीणा उराँव, जिमा बरवाटोली, चीरी, श्रीमती अनिमा, ग्राम-सुकमार, श्रीमती सुमिता खलखो, जिमा चटकपुर, श्री शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन किया।

राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त अवसर पर विभिन्न योजना अन्तर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर वितरण किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण

पत्र, उद्योग विभगा द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान किया गया।

उपायुक्त, लोहरदगा ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय अपने व्यस्ततम समय में से निकालकर ग्रामीणों से संवाद करने के लिए यहाँ आये हैं, इस हेतु सभी आभारी हैं।

इससे पूर्व राज्यपाल महोदय ने सखी मंडल की दीदियों के साथ नवाटोली, लोहरदगा में भेंट की तथा सखी मंडल की दीदियों को प्रोत्साहित किया।